## खबर संक्षेप

### पूछताछ के लिए फिर लाए गए डॉ प्रवीण सोनी

**परासिया :** जहरीले कफ सिरप मामले में आरोपी डॉ प्रवीण सोनी की एक बार फिर एस आई टी ने रिमांड पर परासिया लाया है । यहां उन्हें 3 दिनों तक पुलिस हिरासत में रखा जाएगा । पुलिस डॉ सोनी से गहन पूछताछ करेगी।

### विधि महाविद्यालय में बिरसा मुंडा जयंती पर आयोजित हुई रंगोली स्पर्धा



**छिंदवाड़ा।** शासकीय विधि महाविद्यालय काराबोह में शासन के निर्देश अनुसार भगवान बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती पर महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की आराधना से की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कमलाकर मोटघरे ने धरती बाबा के नाम से विख्यात भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा भारतीय जनजातीय क्षेत्र की पहली क्रांति के जननायक थे। एल एल बी पंचम सेमिस्टर की छात्रा राजकुमारी उइके ने बिरसा मुंडा का चित्र रंगोली के माध्यम से प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### विंग कमांडर श्री तोमर ने कलेक्टर से की मुलाकात

**छिंदवाड़ा।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर श्री देवेंद्र सिंह तोमर ने आज पांढुर्णा कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ से उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सैनिक कल्याण अधिकारी श्री तोमर ने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के कार्यों की जानकारी साझा की तथा राज्य सैनिक बोर्ड और केंद्रीय सैनिक बोर्ड द्वारा पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के लिए प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### संक्रमण पशुओं से मनुष्यों में फैल सकता है, कलेक्टर ने दिए सतर्कता के निर्देश

# दो ग्रामों के पशुओं में फैली जानलेवा एंथ्रेक्स बीमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा (अजय तावरे)





क्षेत्र के ग्राम हिवरापृथ्विराम और उमरीकला में पिछले एक सप्ताह से गोवंश में फैल रहे एंथ्रेक्स संक्रमण ने ग्रामीणों में दहशत फैला दी है। ग्रामीणों के लगातार आग्रह और शिकायतों के बावजूद पशु चिकित्सा विभाग की लापरवाही के चलते संक्रमण ने गंभीर रूप ले लिया है। अब तक 15 से अधिक पशुओं की मौत हो चुकी है, जबकि दो गायें अभी भी गंभीर रूप से बीमार बताई जा रही हैं। जिला पशु अन्वेषण प्रयोगशाला छिंदवाड़ा ने रिपोर्ट में पशुओं में एंथ्रेक्स संक्रमण की पुष्टि की है। यह संक्रमण न केवल जानवरों बल्कि मनुष्यों में भी फैल सकता है, जिससे स्थिति और

#### बच्चों में दिखे लक्षण, दूध पीने से बिगड़ी तबियत

सूत्रों के अनुसार, ग्राम के कुछ बच्चों ने संक्रमित पशुओं का दूध पी लिया था, जिसके बाद उनमें खांसी और बुखार जैसे लक्षण दिखाई दिए। डॉक्टरों की टीम ने 3 वयस्कों और 30 बच्चों के सैंपल जांच के लिए भेजे हैं। इस बात की जानकारी सीएचएमओ डॉक्टर गुन्नाड़े द्वारा दी गई है। बीमार बच्चों को स्थानीय सिविल अस्पताल के शिशु वार्ड में भर्ती कराया गया है। पशु चिकित्सक और कर्मचारी अब सुरक्षा किट पहनकर संक्रमित पशुओं का इलाज कर रहे हैं, जबकि सभी पशुओं को एंटीबायोटिक डोज दी जा रही है।

#### कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता जन और पशु स्वास्थ्य की सुरक्षा है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से संक्रमित क्षेत्रों में पशुओं के आवागमन, दूध और मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। पशुपालन विभाग की विशेष टीम ने प्रभावित गांवों में टीकाकरण और जांच अभियान शुरू कर दिया है।

#### संक्रमण के दो घंटे में मर रहे पशु

जनपद अध्यक्ष मनोहर सिंह ठाकुर ने बताया कि एंथ्रेक्स से संक्रमित पशुओं की 2-3 घंटे के भीतर मौत हो रही है। इनके अनुसार संक्रमित पशु अचानक नीचे बैठ जाता है, पेट फूल जाता है। पशु तेजी से हांफने लगता है और कुछ ही देर में दम तोड़ देता है। इतनी तेजी से मौत होने के कारण ग्रामीणों को इलाज का मौका तक नहीं मिल रहा है।

#### पेयजल टंकी में गंदगी और मृत कबूतर

मनोहर सिंह ने यह भी बताया कि ग्राम पंचायत की पेयजल टंकी में मृत कबूतर और गंदगी पाई गई है। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की, परंतु पंचायत ने कोई कार्रवाई नहीं की। खुले टंकी में पक्षियों द्वारा मलमूत्र त्याग भी देखा गया है, जिससे संक्रमण का खतरा और बढ़ गया है।

#### प्रशासन अलर्ट मोड पर

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, अब तक 12 पशुओं में बीमारी के लक्षण पाए गए हैं। पशुओं में मुंह, नाक और खुरों पर घाव, ज्वर, तथा दूध उत्पादन में कमी देखी जा रही है। अधिकारियों ने चेताया है कि यदि समय पर नियंत्रण नहीं हुआ तो यह संक्रमण आसपास के ग्रामों में भी फैल सकता है। जिला प्रशासन ने सभी ग्रामवासियों से अपील की है कि वे बीमार पशुओं से दूरी बनाए रखें, बिना जांचे दूध या मांस का सेवन न करें और किसी भी संदिग्ध लक्षण की तत्काल सूचना स्वास्थ्य या पशु चिकित्सा विभाग को दें। गठित कर पशुआओं की जांच एवं टीकाकरण आरंभ कर दिया गया है।

### 15 जुआरी गिरफ्तार, 70 लाख से अधिक का माल जप्त

## गुलसी के जंगल में चल रहे जुआ फड़ पर पुलिस की दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

बिछुआ थाना अंतर्गत गुलसी के जंगल मे जमे जुआफड़ का पुलिस ने रेड कार्यवाही की है। रेड कार्यवाही के दौरान पुलिस ने मौके से 15 जुआरियों सहित 43 हजार 900 रूपये नगद व 9 कार सहित 15 एंड्रॉयड मोबाइल जप्त किये। पकड़ाए सभी जुआरियों के खिलाफ 13 जुआएक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



पुलिस ने बताया कि गुलसी के जंगल मे सजे इस जुआफड़ मे किस्मत आजमा रहे ज्यादातर खि ला ड़ी छिंदवाड़ा,पांढुर्णा सौसर, नागपुर एवं अमरावती जिले के निवासी हैं। हालाकि मौके से 5 जुआरी बंडू मर्सकोले (पिपला), राजा साहू (खमारपानी), रवि उर्फ रविन्द्र सांगोड़े (गुलसी), धन्ना उर्फ धनेश प्रजापति (बिछुआ) तथा असफाक (बिछुआ) मौके से फरार हो गए।

#### ये जुआरी पकड़ाए

(1) नरेश पिता चंद्रभान खोड़े उम्र 52 साल निवासी पाण्डुर्ना थाना पाण्डुर्ना जिला पाण्डुर्ना म.प्र.(2) शुभम पिता रघुनाथ भागवत उम्र 25 साल निवासी ग्राम वेरडी सौंसर जिला पाण्डुर्ना म.प्र.(3) सत्येत सिंग पिता अजमेरसिंग बाबरा उम्र 46 साल निवासी ग्राम धापेवाड़ा थाना सावनेर जिला नागपुर महाराष्ट्र(4) समीर पिता इरफान शाह उम्र 22 साल निवासी ग्राम वरुड़ थाना वरुण जिला अमरावती महाराष्ट्र(5) शंकर पिता करन आसरे उम्र 29 साल निवासी ग्राम वरुड़ थाना वरुण जिला अमरावती महाराष्ट्र(6) राधे पिता खुशाल सिंग कुर्मी उम्र 38 साल निवासी ग्राम सांवली थाना लावाघोघरी जिला छिंदवाड़ा(7) विक्की पिता रेवाराम शेन्डे उम्र 30 साल निवासी ग्राम बाम्हन पिपला थाना सौंसर जिला पाण्डुर्ना म.प्र.(8) योगेश पिता अरुण राव गुल्लारे उम्र 35 साल निवासी राजुरा बाजार वरुण थाना वरुड़ अमरावती महाराष्ट्र(9) मनीष पिता गुनपत खंडई उम्र 24 साल निवासी ग्राम बेरड़ी थाना सौंसर जिला पाण्डुर्ना म.प्र.(10) अनिरुध्द पिता विनोद चौरे उम्र 19 साल निवासी सौंसर थाना सौंसर जिला पाण्डुर्ना म.प्र.(11) अश्विन पिता गनपुती तिंजारे उम्र 25 साल निवासी सौंसर थाना सौंसर जिला पाण्डुर्ना म.प्र.(12) गोलू पिता रमेश साहू उम्र 32 साल निवासी ग्राम खमारपानी थाना बिछुआ जिला छिंदवाड़ा म.प्र.(13) सरीफ पिता बसीर खान उम्र 55 साल निवासी ग्राम खमारपानी थाना बिछुआ जिला छिंदवाड़ा म.प्र.(14) विशाल पिता सुखदास साहू उम्र 30 साल निवासी ग्राम खमारपानी थाना बिछुआ जिला छिंदवाड़ा म.प्र.(15) नारायण पिता अनेक साहू उम्र 32 साल निवासी ग्राम खमारपानी थाना बिछुआ जिला छिंदवाड़ाकार्यवाही में विशेष भूमिका:निरीक्षक सतीश उइके, उपनिरीक्षक अजय सिंह सल्लाम, जियालाल पांचे, सहायक उपनिरीक्षक मनोज रघुवंशी, ब्रजेश रघुवंशी, प्रधान आरक्षक प्रमोद धुर्वे एवं आरक्षक आदित्य रघुवंशी, बसंत बघेल, राकेश सेवटकर, राकेश उइके, राहुल मर्सकोले, फूलभानशा परते, नृत्यकिशोर, जीवन रघुवंशी, विकास बैस, डालेन्द्र, अमित तोमर तथा ब्रजेश राजपूत शामिल रहे।

## शुक्रवार बाजार में नगर पालिका की सख्ती, सब्जी विक्रेताओं का हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



नगरपालिका प्रशासन ने शुक्रवार बाजार क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण पर बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार शाम को नगरपालिका के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने स्थानीय शुक्रवार बाजार की आंतरिक सीमेंट सड़क पर जमीन पर बैठकर सब्जी बेचने वाले विक्रेताओं का अतिक्रमण कड़ाई से हटाया और उन्हें निर्धारित चबूतरों पर बैठने के निर्देश दिए।

स्वच्छता इंस्पेक्टर संजय कडवे ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कई दिनों से स्थानीय नागरिकों और अन्य सब्जी विक्रेताओं की शिकायतें मिल रही थ कि कुछ विक्रेता सड़क के बीचोंबीच बैठकर ग्राहकों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। इससे शुक्रवार बाजार क्षेत्र में जाम की स्थिति बनने लगी थी, जबकि नगरपालिका द्वारा बनाए गए चबूतरे खाली पड़े थे।

इस पर आज शाम करीब 5 बजे नगरपालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर सड़क पर बैठे विक्रेताओं को हटाया और सभी को चेतावनी दी कि आगे से उन्हें केवल चबूतरों पर ही दुकान लगानी होगी। टीम ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि दोबारा सड़क पर बैठकर अतिक्रमण किया गया, तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। संजय कडवे ने बताया कि यह अभियान अब प्रतिदिन चलाया जाएगा, ताकि शुक्रवार बाजार और आसपास का क्षेत्र स्वच्छ एवं सुगम बना रहे। उन्होंने कहा कि नाजायज कब्जों के कारण सड़कें संकरी हो जाती हैं, जिससे न केवल ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ती है बल्कि पैदल चलने वालों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### रात 10 के बाद रामपेठ मार्ग पर सज रही जुए की महफिल

**सौंसर।** रामपेठ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले घोघरी में रात होते ही 52 पत्तों की महफिल में लाखों रुपए के दाव लगा रहे हैं।ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार रामपेठ से जोबनी रोड पर घोघरी भावनी मंदिर के पहले एक खेत में बने कोठे में रात 10 बजे के बाद जुए के महफ़लि सज रही है। 52 पत्तों पर दाव लगाने के लिए उमरानाला सौसर सावनेर ओर औद्योगिक क्षेत्र से बड़े पैमाने पर नामी जुआरी यहां हरदिन पहुंच रहे है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रात्रि 10 बजे के बाद में इस परिसर में फोर व्हीलर गाड़ियों की आवाजाही अधिक बढ जाती है। व्हाइट अर्टिगा ओर ब्लैक इन्वोआ गाड़ी से जुआरियो लाने ले जाने की खाने पीने की पूरी व्यवस्था बनाई जाती है।कहा जा रहा है जुआ संचालन में कुछ स्थानीय नेताओ के द्वारा व्यवस्था बनाने और संभालने का जिम्मा लिया है।

### बी.एल.ए. को दिया गया प्रशिक्षण

**छिंदवाड़ा।** निर्वाचन कार्य की पारदर्शिता एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज पांढुर्णा जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में बी.एल.ए. (बूथ लेवल एजेंट) को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रभारी डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती अलका एक्का द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में पांढुर्णा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा एवं कांग्रेस पार्टी से नियुक्त बी.एल.ए. ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण की संपूर्ण प्रक्रिया, उसके विभिन्न चरणों, पात्रता, दावे-आपत्तियों के निवारण तथा मतदाता सूची के अद्यतन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं।

### आधार फाउंडेशन में 75 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

**छिंदवाड़ा।** बाल दिवस की मंगल बेला पर परासिया बच्चों सहित अनमोल जैन बिट्टी को श्रद्धांजलि स्वरुप नगर के परासिया रोड स्थित दिव्यांगों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में सक्षम एवं जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक के सहयोग से



विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 75 रक्तवीरों ने रक्तदान कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।आधार फाउंडेशन में आयोजित यह चतुर्थ रक्तदान शिविर था जिसका शुभारंभ विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन डॉक्टर सुशील दुबे, कार्यक्रम अध्यक्ष स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन, मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर याशिका जैन के हस्ते सक्षम के जिला अध्यक्ष इंजी. महेश किन्थ, आधार की संचालिका सरिता पांडे एवं जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक सहित गणमान्य नागरिकों, समाज सेवियों उपस्थित में किया गया।आपके बता दें कि यह शिविर बाल दिवस के अवसर पर परासिया में घटित घटना में असमय मृत्यु को प्राप्त हुए बच्चों सहित अनमोल जैन बिट्टी को श्रद्धांजलि स्वरुप आधार, सक्षम एवं बल्ड बैंक जिला चिकित्सालय द्वारा आयोजित किया जिसकी सभी ने सराहना की। इस अवसर दिव्यांग बच्चों ने स्वागत गीत से सभी अतिथियों सहित रक्तवीरों का अभिनंदन किया ओर सभी का आधार एवं सक्षम द्वारा प्रशस्ति पत्र के साथ तुलसी का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। शिविर की सफलता पर सभी ने छिंदवाड़ा को स्वच्छ - स्वस्थ एवं सुंदर बनाने सहित नशा मुक्त शहर बनाने का संकल्प लिया।

## लगभग 8.5 लाख रुपए की अवैध कच्ची शराब जब्त

### महुआ लाहन बरामद भी किया बरामद, पुलिस और आबकारी की संयुक्त कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आबकारी वृत्त पांढुर्णा में म.प्र. आबकारी विभाग, पुलिस चौकी बड़चिचोली एवं महाराष्ट्र पुलिस थाना नरखेड़ द्वारा संयुक्त रूप से म.प्र. और महाराष्ट्र के सीमावर्ती ग्रामों में अवैध कच्ची शराब के बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आज कार्यवाही की गई। संयुक्त टीम ने ग्राम वड्डामाल एवं कोंडर में अवैध कच्ची शराब के विनिर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध सर्च ऑपरेशन चलाया।

कार्यवाही के दौरान नदी-नालों के किनारे से 65 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, लगभग 8500 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 3 चढ़ी हुई भट्टियां बरामद कर नष्ट की गईं। जप्त की गई कच्ची शराब की कीमत लगभग 9,750 एवं महुआ लाहन की कीमत लगभग 8,50,000 आँकी गई है।

इस कार्रवाई में कुल 6 प्रकरण दर्ज कर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क एवं 34 च के तहत प्रकरण विवेचना में लिया गया है। इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री जी.एल. मरावी, पांढुर्णा वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक श्री नरेंद्र कुमार नागेश, बड़चिचोली चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक श्री विक्रम बघेल, नरखेड़ (महाराष्ट्र) थाना प्रभारी श्री अजीत कदम तथा आबकारी एवं पुलिस के आरक्षक उपस्थित थे।

### पूर्व राज्य मंत्री के हस्ते हुआ स्मार्ट फिश पार्लर का शुभारंभ

**सौंसर।** गुरुवार को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत नगर में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित स्मार्ट फिश पार्लर का शुभारंभ पूर्व मंत्री नाना मोहोड़ हस्ते फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।इस अवसर पर नगराध्यक्ष सुरेखा इन्द्रचन्द डागा, पूर्व नगराध्यक्ष लक्ष्मण चाके, सुनील भांगे, सभापति रविशंकर धुर्वे, मुख्य नपा अधिकारी मौसम पालेवर, राजस्व निरीक्षक रमन बागड़े, पंकज लोनारे, मत्स्य विभाग के अधिकारी, स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मिली जानकारी के अनुसार इस स्मार्ट फिश पार्लर में उपभोक्ताओं के लिए ताजी एवं उच्च गुणवत्ता वाली मछलियाँ उपलब्ध रहेंगी। साथ ही स्वच्छता, वैज्ञानिक भंडारण, पैकिंग एवं डिजिटल भुगतान की सुविधा भी प्रदान की गई है। आयोजन को संबोधित करते हुए पूर्व राज्य मंत्री श्री मोहोड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना मछुआरों की आर्थिक उन्नति के लिए एक प्रभावी कदम है। इससे ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिल रहे हैं और मत्स्य व्यवसाय को नई दिशा मिल रही है। इसके अलावा भी केंद्र एवं प्रदेश सरकार के द्वारा युवाओं के सर्वांगीण विकास रोजगार आदि को लेकर सैकड़ो योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, युवाओं के साथ-साथ छोटे व्यापारियों ने भी उन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेना चाहिए।

### पांढुर्णा कलेक्टर ने किया एसआईआर के अंतर्गत पांढुर्णा शहर में बीएलओ कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

निर्वाचन कार्यों की पारदर्शिता एवं मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतर्गत आज 13 नवम्बर 2025 को पांढुर्णा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नीरज कुमार वशिष्ठ ने पांढुर्णा नगर के विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पांढुर्णा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वशिष्ठ सर्वप्रथम संतोषी माता वार्ड पहुंचे, जहाँ बीएलओ श्री उल्हास कावले एवं सहयोगी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर गणना प्रपत्र (फार्म) भरने एवं वितरित करने का कार्य किया जा रहा था। इस अवसर पर पांढुर्णा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वशिष्ठ ने बीएलओ टीम को कार्य में लगन व पारदर्शिता बनाए रखने के लिये प्रेरित किया तथा उत्पन्न हो रही व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

इसके बाद पांढुर्णा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वशिष्ठ शंकर नगर वार्ड पहुँचे, जहाँ बीएलओ श्री दिनेश डोंगरे एवं सहयोगी आंगनवाडी कार्यकर्ता द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। साथ ही पांढुर्णा के पेवठा वार्ड का भी निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदाता सूची के मिलान की प्रक्रिया, पात्र एवं अपात्र मतदाताओं की प्रविष्टियों की स्थिति, साथ ही मतदाता जागरूकता से संबंधित पहल की जानकारी ली। पांढुर्णा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वशिष्ठ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित रूप से जोड़ा जाए तथा किसी भी नागरिक को मताधिकार से वंचित न रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि एसआईआर अभियान लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का आधार है।

## टाटा सफारी बाइक की भिड़ंत में बोरगांव निवासी की मौत

### नागपुर मार्ग पर बोरगांव ग्राम के पहले पेट्रोल पंप के सामने हुई दुर्घटना





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

गुरुवार को नागपुर मार्ग पर बोरगांव ग्राम के पहले लगने वाले पेट्रोल पंप के सामने टाटा सफारी और मोटरसाइकिल में जमकर टक्कर हुई। भीड़ इतनी जबरदस्त थी कि घटना स्थल पर ही मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई, मिली जानकारी के अनुसार दोपहर ढाई बजे के लगभग सौसर की ओर से बोरगांव वार्ड नं 11 निवासी लक्ष्मण श्रीरामें में उम्र 53 सौसर से अपने ग्रह ग्राम बोरगांव की ओर जा रहे थे, वही नागपुर की ओर से आ रही टाटा सफारी वाहन क्रमांक जी जे 31 बी ए 9392 के साथ में जमकर भीड़त हो गई,विराट के दौरान टाटा सफारी के सामने का हिस्सा बुरी तरह खराब हो गया वहीं वाहन चालक की मोटरसाइकिल भी चकनाचूर हो गई, घटनास्थल पर ही मोटरसाइकिल चालक लक्ष्मण ने दम तोड़ दिया, ग्रामीणों की मदद से सौसर अस्पताल में लाने के बाद में डॉक्टरों के द्वारा मृत घोषित किया, पुलिस के द्वारा मामले को लेकर जांच की जा रही, ग्रामीणों ने बताया कि इसके पूर्व भी स्थान पर कई दुर्घटनाएं घटित हो चुकी है। मृतक अपने पीछे पत्नी बेटा बेटी छोड़ गए हैं।

### कलेक्टर ने की शिक्षा विभाग, जिला शिक्षा केंद्र और जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा

## विद्यार्थियों की देखभाल अपने बच्चों की तरह करें अधीक्षक: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जिले के सरकारी स्कूलों की शिक्षा के स्तर को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने गुरुवार को शिक्षा विभाग, जिला शिक्षा केंद्र और जनजातीय कार्य विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में विद्यालयों की शैक्षणिक स्थिति, छात्रावासों के संचालन, शैक्षणिक संस्थाओं की मॉनिटरिंग व्यवस्था, गत वर्ष के परीक्षा परिणाम आदि की गहन समीक्षा की गई। साथ ही विद्यार्थियों व शिक्षकों की उपस्थिति बढ़ाने, शिक्षण व्यवस्था तथा निगरानी को और बेहतर करने के उपायों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा - निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री नारायन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में नियमित शिक्षण-अधिगम गतिविधियाँ संचालित हों, शिक्षकों की पूर्ण उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और शत प्रतिशत विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम, ई-लर्निंग संसाधनों और कंप्यूटर लैब के सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन भी स्कूलों में कंप्यूटर लैब, स्मार्ट टीवी और इंटरैक्टिव पैनल हैं, उनका सभी शिक्षक अध्यापन कार्य के दौरान उपयोग करें और विद्यार्थियों को नवीन शिक्षा पद्धति का भरपूर लाभ मिल सके। इनके माध्यम से रुचिकर तरीके से खेल - खेल में अध्यापन कार्य करते हुए विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारें।

#### छात्रावासी बच्चों का रखें पूरा ध्यान

जनजातीय क्षेत्रों के विद्यालयों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री नारायन ने कहा कि जनजातीय विद्यार्थियों की उपस्थिति और शैक्षणिक परिणामों में सुधार के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई जाए। साथ ही, आश्रम शालाओं एवं छात्रावासों में विद्यार्थियों के पोषण, सुरक्षा और अध्ययन वातावरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।


**- कार्यालय तहसीलदार पांढुर्णा जिला पांढुर्णा (म०प्र०)::-**

**-ईश्तेहार-**

एतद व्दारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक पुरुषोतम पिता विठ्ठलराव देशमुख निवासी मोरडोंगरी तहसील एवं जिला पांढुर्णा व्दारा मौजा बम्हणी प०ह०नं० 53 रा०नि०मं० पांढुर्णा स्थित भूमि ख०नं० 483/3 रकबा 0.027 हे० भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेखों में विठ्ठल पिता पिलाजी देशमुख जाति पवार के नाम दर्ज है। मौजा मोरडोंगरी प०ह०नं० 62 रा०नि०मं० पांढुर्णा स्थित भूमि ख०नं० 194/1, 195 रकबा 1.717, 0.789 हे० भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेखों मे विठ्ठलराव पिता पिलाजी देशमुख जाति पवार के नाम दर्ज है। उक्त भूमि के सहखातेदार विठ्ठलराव पिता पिलाजी दिनांक 27/03/2025 को फौत हो चूके है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी व्दारा अपने जीवित अवस्था में रजिस्टर्ड वसीयतनामा क्रमांक एम.पी. 078202024ए3063141 दिनांक 16/01/2024 से आवेदक पुरुषोत्तम पिता विठ्ठलराव देशमुख निवासी मोरडोंगरी व्दारा वसीयत के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त फौती नामांतरण में सहखातेदार विठ्ठलराव पिता पिलाजी देशमुख जाति पवार निवासी मोरडोंगरी के विधिक वारसान यदि कोई हो तों या अन्य किसी भी पक्षकारों को आवेदित भूमि के फौती नामांतरण किये जाने में आपति हो तो दिनांक- 25/11/2025 को समक्ष में उपस्थित होकर दावा/आपति प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे। नियत अवधि उपरांत प्रस्तुत दावा/आपति पर सुनवाई नही की जावेगी।

जारी दिनांक:- 08/11/2025
पेशी दिनांक:- 25/11/2025

तहसीलदार
पांढुर्णा

## विधायक सुजीत चौधरी एवं पूर्व विधायक रमेश दुबे ने फीता काटकर किया शुभारंभ

# स्कूल में आयोजित खेल महोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

नगर स्थित कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल में खेल महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक चौधरी सुजीत सिंह एवं कार्यक्रम अध्यक्ष भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व विधायक पं. रमेश दुबे ने दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पं. रमेश दुबे ने कहा कि शिक्षा के साथ खेलों को भी समान महत्व दिया जाना चाहिए, क्योंकि यही संयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास और उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है। खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास भी करते हैं।विद्यालय के प्राचार्य आनंद शर्मा, अरविन्द शर्मा, विकास शर्मा एवं नीरज शर्मा ने



अतिथियों का स्वागत कर उन्हें विद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया। अतिथियों ने विद्यालय प्रबंधन की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए छात्रों को निरंतर आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं।खेल महोत्सव में विद्यार्थियों ने उत्साह और उमंग के साथ विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम में शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### SIR को लेकर चौरई शहर कांग्रेस की बैठक सम्पन्न

**चौरई।** SIR को लेकर चौरई शहर कांग्रेस की आवश्यक बैठक चौरई विधायक चौधरी सुजीतसिंह की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुई। इस बैठक में चौरई शहर कांग्रेस के बी एल ए सहित शहर कांग्रेस के पदाधिकारीगण व वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक चौधरी सुजीतसिंह ने बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को SIR की बारीकियों से अवगत कराते हुये सभी आम मतदाताओं को SIR के माध्यम से नाम जुड़वाने हेतू प्रेरित करने की बात कही। इस मौके पर तीरथ सिंह ठाकुर, प्रेमेंद्र साहू, प्रशांत शर्मा,



अनिल मिश्रा व धीरज खण्डेलवाल ने भी SIR से जुड़ी बातों से अवगत कराया।बैठक में पूनम चंद शर्मा, रामेश्वर सोनी, हिम्मत सिंह बघेल, मदन शर्मा, स्वाती श्रीवास्तव, अंकित पांडे, शहीद मंसूरी, बेनीसिंह रघुवंशी, सचिन वर्मा, रॉबी ठाकुर, आनंद पटेल, प्रदीप तिवारी, अमिताभ राऊत, प्रदीप सनोडिया, हर्ष विश्वकर्मा, महेश जंभारे, हर्षित जैन, योगेश सोनी, अनिल बेलवंशी, राहुल वर्मा, रज्जन सल्लाम, अरविंद गंजीवाले, पन्ना डेहरिया, यूमेश डेहरिया, विजय धनोरिया, सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## श्रीमद्भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर किया तर्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

संत श्री आशाराम जी बापू आश्रम लिंगा में आज वरीष्ठ पत्रकार श्री मुकुंद सोनी और श्री विठ्ठलराव घोगें के मोक्ष हेतु श्री मद भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर वैदिक रूप से तर्पण किया । इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई ने बताया कि जब किसी मनुष्य का शरीर छूट जाता है तो उसके मोक्ष हेतु तीसरा , तेरवहीं और गंगा पूजन का विधान है । किसी कारण वश यह सब ना कर पाएं तो श्री मद भगवद गीता के 7 वें अध्य्याय का पाठ कर पुण्य अर्पण करने से भी मोक्ष की प्राप्ति होती । तेरवहीं गंगा पूजन के साथ यह पाठ भी कर सकतें हैं । श्री विठ्ठलराव घोगें जी भाजपा के वरिष्ठ नेता विलास घोगें के बड़े भाई थे और वरिष्ठ पत्रकार मुकुंद सोनी के हमेशा संस्था से मधुर संबंध रहे हैं । समिति ने इनके अलावा शिवचरण साहू पिता गोण्डु साहू और शुक्ला प्रसाद सूर्यवंशी पिता शिवचरण सूर्यवंशी निवासी- बोरदेही के मोक्ष हेतु भी पाठ किया गया । इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई , खजरीं आश्रम के संचालक जयराम भाई , गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर , लिंगा आश्रम की संचालिका साध्वी प्रतिमा बहन , साध्वी रेखा बहन , विलास घोगें , जिला पंचायत सदस्य ललिता घोगें, सुभाष इंगले , अशोक कराडे , नारायण ताम्रकार , दामोदर इंगले , राष्ट्रीय तेली पिछड़ा वैश्य महासभा ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष भगवानदीन साहू ,ओमी साहू , सुनील साहू , गुड्डु साहू , केशव सूर्यवंशी , नीलेश सूर्यवंशी , विनोद भगत , जया भगत , छाया साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

# मुस्लिम धर्मावलंबी सफर-ए-उमरा के लिए रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

नगर से दो मुस्लिम धर्मावलंबी गुरुवार को पवित्र सफर-ए-उमरा के लिए रवाना हुए। जामा मस्जिद सिंगोड़ी कैंपस में मुस्लिमों के साथ-साथ जामा मस्जिद सिंगोड़ी के सदर शाहिद भाई ने माल्यार्पण एवं टाविल हुड़ाकर स्वागत करते हुए काबा शरीफ व मदीना शरीफ में वतन और दोस्तों, रिश्तेदारों के लिए दुआ की दरख्वास्त की।रजोला कस्बे के कासिम खा निजामुद्दीन खा सफर-ए-उमरा के लिए रवाना हुए। सफर-ए-उमरा से जाने से पूर्व इन जायरीनों को रवाना करने के लिए भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। रजोला सदर इनायत खा व सोनू ऑटो पार्ट्स ने इनका फूलमाला पहना कर स्वागत किया। हज वर्ष में केवल एक बार होता है, लेकिन उमरा के लिए पूरे वर्ष कभी भी जाया जा सकता है। हज में जहां 45 दिन तक लग जाते हैं, वहीं उमरा कर जायरीन 14 दिन में लौट सकते हैं। कस्बे से सफर-ए-उमरा को जाने वाले जायरीन पहले नागपुर महाराष्ट्र सुप्रसिद्ध सूफी संत हजरत मुहम्मद ताजुद्दीन रहमतुल्ला ताजा बाग़ शरीफ हाजिरी पेश करेंगे नागपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन के माध्यम से मुंबई एयरपोर्ट पहुंचेंगे और फ्लाइट से उड़ान भरेंगे।

# छात्राओं को बताए बालविवाह के दुष्प्रभाव




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

बाल विवाह भारतीय लोकजीवन की उन्नत तस्वीर पर बदनुमा दाग की तरह है,एक तरफ हमारी सांस्कृतिक चेतना बच्चों में भगवान का अक्स देखती है दूसरी तरफ बाल विवाह, मौजूदा समाज की चेतना में उदासीनता का स्थायी भाव बेहद दुःखद है। हर जिले में बाल विवाह प्रतिषेध कानून के तहत एक अधिकारी को प्रभारी बनाया गया है जिसे बाल विवाह के मामले में पुलिस की तरह गिरफ्तारी तक के अधिकार प्रावधानित है ।बाल विवाह की सूचना के लिए टोल फ्री नम्बर 181,112, ओर1098 पर दे सकते ,सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाता हे । इन सभी विषयो पर जानकारी देने ,महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश शिवहरे के निर्देशन मे जागरूकता कार्यक्रम शासकीय हाई स्कूल अजनिया मे 14 नवंबर बाल दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर किया गया । इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता शयामल राव ने उपस्थित छात्रो को बताया की बाल विवाह प्रतिषेद अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह करना एवं करवाना कानुनन अपराध हे । एसा करने वाले व्यक्ति को दो लाख का जुर्माना एवं एक वर्ष की कठोर सजा का प्रावधान हे ,वही सामूहिक विवाह आयोजनों में अगर बाल विवाह की घटनाएं होती है तो आयोजकों के विरुद्ध भी सख्त कारवाई इस कानून के तहत सुनिश्चित की जाती है। बाल विवाह प्रतिषेध कानून भारत के सभी नागरिकों पर लागू है इसलिए कोई सम्प्रदाय विशेष इस कानून से परे होने का दावा कोई नही कर सकता है। शिक्षक प्रमिला बेले ने बाल विवाह करने के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुये कहा की इन दुष्प्रभाव के कारण हमारे जन्मे बच्चों पर भी बुरा असर देखने को मिलता है, इस बाल अवस्था मे हम अपनी ,शिक्षा ,एवं स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए बाल विवाह पर आधारित पांपलेट दिया गया ।कार्यक्रम उपरांत उपस्थित छात्रो को बाल विवाह रोकने शपथ उपस्थित छात्राओ को दिलाई ।

### धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर प्रश्न मंच एवं गीत प्रस्तुति का आयोजन

**दमुआ।** उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार एवं प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास जी के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय दमुआ में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के कार्यक्रमों की श्रंखला में आज महाविद्यालय में प्रश्न मंच प्रतियोगिता एवं गीत प्रस्तुति का आयोजन किया गया।विद्यार्थियों ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और आदिवासी समाज के उत्थान से जुड़े प्रश्नों पर प्रश्न मंच प्रतियोगिता में भाग लिया।इसके अलावा विद्यार्थियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा को समर्पित देशभक्ति एवं जनजागृति गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिसने वातावरण को उत्साह और गौरव से भर दिया।कार्यक्रम का समापन "धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा अमर रहें" के जयघोष के साथ हुआ।इस कार्यक्रम में डॉ राजेश कुमार लोखंडे डॉ विमल कुमार कौशले डॉ दिलीप ढोबाले डॉ पुष्पा मौर्य डॉ सरिता पाल जितेंद्र दिवाकर सुषमा टांडेकर घनश्याम मालवीय वैभव पाटिल गोरी शंकर घोरे विनिता धुर्वे कंचन चंद्रवंशी इंद्रा पाटिल दिनेश इबनाती महेश भारती संदीप चंदेल मोरेश्वर कराड़े सुकमन भारती ढोंदू टेकाम और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



## 19 को होगा नशामुक्त बालाघाट जनजागरण पदयात्रा रैली का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** 19 नवम्बर 2025, दिन- बुधवार को भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वाधान में संगठन के हजारों सदस्य और समाज के जिम्मेदार नागरिक, बालाघाट जिला मुख्यालय में एक ऐतिहासिक उद्देश्य लेकर एकत्रित हो रहे हैं। यह उद्देश्य है- नशामुक्त समाज की स्थापना, जहाँ प्रत्येक व्यक्ति जागरूक, संयमी और सशक्त जीवन व्यतीत कर सके। सदगुरुदेव परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के प्रेरणादायी मार्गदर्शन में आयोजित यह रैली और सभा जिले में व्याप्त नशे जैसी घातक प्रवृत्ति के विरोध में जनजागरण का शंखनाद करेगी।

सर्वविदित है कि भगवती मानव कल्याण संगठन विगत 30 वर्षों से नशामुक्त भारत के निर्माण हेतु एक सशक्त एवं सतत जनआंदोलन संचालित कर रहा है। सदगुरुदेव श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के दिव्य मार्गदर्शन में संगठन के सदस्य देश के विभिन्न भागों में जाकर जनजागरण रैलियों, सभाओं और व्यक्तिगत संवादों के माध्यम से लोगों को नशे की विनाशकारी आदत से दूर रहने की प्रेरणा प्रदान कर रहे हैं। इन निरंतर प्रयासों का परिणाम यह रहा है कि आज तक करोड़ों लोग नशामुक्त जीवन की राह पर अग्रसर हुए हैं और जिन्होंने न केवल स्वयं को, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी एक नई दिशा प्रदान की है।इसी कड़ी में दोपहर 2:00 बजे से आरंभ होने वाली यह भव्य रैली नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए अंबेडकर चौक पहुंचेगी जहाँ एक प्रेरक सभा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सैकड़ों नागरिक नशामुक्ति का संकल्प लेकर इस पवित्र मुहिम का हिस्सा बनेंगे। गुरुदेव जी के जीवन मूल्यों से प्रेरित यह आयोजन केवल विरोध का प्रतीक नहीं, बल्कि एक नव-सृजन का आरंभ है -एक ऐसे समाज के निर्माण का, जहाँ शांति, सदाचार और संस्कार का प्रकाश हर घर में पहुँचे । आइए, इस पुनीत प्रयास का हिस्सा बनकर अपने जीवन तथा समाज को पवित्रता, स्वास्थ्य और संतुलन की दिशा में अग्रसर करें एवं एक ऐसे भारत का निर्माण करें जहाँ हर परिवार मुस्कुराए, हर युवा जागे और हर हृदय से ₹नशामुक्त भारत-खुशहाल भारत₹ का स्वर निकले। यह रैली कमला नेहरू भवन, अंबेडकर चौक, हनुमान चौक, महाराणा प्रताप चौक, महावीर चौक, गुजरी चौक, अहिंसा द्वार कालीपुतली चौक, बस स्टैंड, बुड़ी हॉस्पिटल रोड, जय स्तंभ चौक, अंबेडकर चौक होते हुए रैली समापन सभा अंबेडकर चौक में संपन्न किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भगवती मानव कल्याण संगठन के केंद्रीय महासचिव श्री सौरभ द्विवेदी जी आयुष भैया एवं केंद्रीय मुख्य सचिव श्री आशीष शुक्ला जी राजू भैया की विशेष उपस्थिति मे किया जाना है।

## बाल अधिकारों और बाल सुरक्षा पर संयुक्त आयोजन



हरिभूमि न्यूज बिरसा।

बिरसा तहसील अंतर्गत सामुदायिक भवन बिरसा में गुड शेफर्ड संस्था द्वारा आयोजित बाल अधिकारों और बाल सुरक्षा पर संयुक्त आयोजन किया गयाजिसमें समाज के विभिन्न वर्गों ने अपने विचार साझा किया इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने विचारों में कहा कि बाल अधिकार केवल कानून एवं संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं हैबल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग प्रत्येक नागरिकों को बाल सुरक्षा के प्रति अपनी सक्रिय जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी कार्यक्रम का उद्देश्य बाल सुरक्षा के प्रति बढ़ते बच्चों के बाल अपराध बाल श्रम एवं बाल विवाह के प्रति जागरूक किया गया संस्था द्वारा अपने 44 वर्षों के अथक प्रयासों के साथ समय-समय पर अनेक कार्यक्रम आयोजित कर पाल अपराध के प्रति बाल सुरक्षा पर विशेष जोर दिया जा रहा है कार्यक्रम के उपरांत सभी उपस्थित समस्त स्टाफ के साथ पहुंचे गणमान्य नागरिकों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गईइस अवसर पर संस्था प्रमुख सिस्टर रिचल, सिस्टर राजकुमारी, मार्टिन सर, ब्रदर जयपा, मानाराम तेकाम, रेवा सिंह मरकाम, नीलमणि रंग डाले, उपाध्याय सर, ईड़पाचे सर सहित पुलिस उप निरीक्षक शिवदयाल परते के साथ समस्त स्टाफ एवं नागरिक गण उपस्थित रहे।

### एसएसपी महाविद्यालय वारासिवनी में युवा उत्सव का हुआ आयोजन

**वारासिवनी।** शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में 12 नवम्बर को अंतर कक्षा महाविद्यालयीन स्तर युवा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ एस एस गेडाम, वरिष्ठ प्राध्यापक सरिता कोल्हेकर, डॉ तृप्ति सोनवे, डॉ पूर्णिमा कुमरे, युवा उत्सव प्रभारी डॉ रक्षा निकोसे द्वारा मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। युवा उत्सव में कलात्मक गतिविधियों के अंतर्गत पोस्टर, कार्टून, स्पॉट पेंटिंग, कोलॉज, क्ले माडलिंग, रंगोली आदि विधाओं में प्रतियोगितायें सम्पन्न हुई। साहित्यिक गतिविधियों के अंतर्गत वक्ता, भाषण, वाद-विवाद, प्रश्न मंच तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में एकल गीत, समूह गीत, समूह नृत्य, माइम, मिमीक्री आदि गतिविधियॉ सम्पन्न हुई।

### ग्रामीणों को कानून की दी गई जानकारी

## ग्राम पंचायत वारा में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष प्रणेश कुमार प्राण एवं न्यायाधीश/सचिव सतीश शर्मा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट के कुशल मार्गदर्शन एवं तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी के तत्वावधान में 12 नवम्बर 2025 को न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत न्याय की पहुंच हर अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत वारा में द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड वारासिवनी ऋषभ डॉनल सिंह की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में न्यायाधीश श्री सिंह द्वारा ग्रामीणजनों को बताया गया कि विधिक साक्षरता से आशय जनता को कानून से संबंधित सामान्य बातों से परिचित कराकर उनका सशक्तिकरण करना है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, बाल श्रम के विरूद्ध कानून, पाक्सो एक्ट, साइबर सुरक्षा, सडक़ सुरक्षा व यातायात नियम, सोशल मीडिया संबंधित अपराधों से कैसे बचें, निःशुल्क विधिक सहायता, घरेलू हिंसा एवं भरण पोषण अधिनियम संबंधी जानकारियां विस्तारपूर्वक उपस्थित ग्रामीणजन को देकर विधिक रूप से साक्षर किया गया।



### ग्राम पंचायत घोटी में ग्राम जुनेवानी में काशीटोला बीट के कक्ष क्रमांक 263 में वनविभाग की कार्रवाई

# आदिवासी परिवार का आशियाना टूटा, 10 सदस्यों का परिवार एक कमरे में रहने को मजबूर



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत घोटी के ग्राम जुनेवानी में काशीटोला बीट के कक्ष क्रमांक 263 में आदिवासी परिवार द्वारा बनाये जा रहे आशियाने को वन विभाग द्वारा तोड़े जाने का मामला सामने आया है। जबकि अनुसूचित जनजातियाँ और अन्य पारंपरिक निवासी, निवास के लिए व्यक्तिगत या साझा स्वामित्व वाली वन भूमि पर कब्ज़ा करने और उस पर रहने के हकदार हैं। अनुसूचित जनजाति या अन्य पारंपरिक वन निवासियों का कोई भी सदस्य अपनी आजीविका के लिए स्व-कृषि हेतु भूमि का उपयोग करने का भी हकदार है। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार ग्राम जुनेवानी में एक आदिवासी परिवार के द्वारा बताया गया की वह पिछले 16 वर्षों से उक्त जमीन पर कब्जा करके रखे हुए है और वर्तमान में ग्राम में एक कमरे में परिवार में लगभग 10 लोग रहते हैं। रहने के लिये हो रही परेशानी को देखते हुए हमारे द्वारा अपने कब्जे की भूमि पर कच्चे मकान का निर्माण कराया जा रहा था जिसे वनविभाग लांजी द्वारा बिना नोटिस और सूचना दिये आकर तोड़ दिया गया। जबकि उक्त स्थान पर पहले से ही एक दर्जन से अधिक मकान वनविभाग की जमीन पर अन्य लोगों द्वारा बनाकर रहा जा रहा है परंतु वनविभाग द्वारा सौतेला व्यवहार करते हुए निर्माणाधीन मकान को ध्वस्त कर दिया गया है।

**पिछले 16 वर्षों से जमीन पर था कब्जा:** परिवार के सदस्यों का आरोप है कि वनविभाग ने बिना नोटिस और सूचना दिए उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। ग्राम जुनेवानी के आदिवासी परिवार का कहना है कि वे पिछले 16 वर्षों से इस जमीन पर कब्जा करके रह रहे हैं। परिवार में लगभग 10 लोग हैं और वे एक कमरे के मकान में रहने को मजबूर हैं। परिवार के मुखिया ने बताया कि वे अपने परिवार के लिए एक सुरक्षित और आरामदायक घर बनाना चाहते थे, लेकिन वनविभाग ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। आदिवासी परिवार का आरोप है कि वनविभाग ने उनके साथ सौतेला व्यवहार किया है। उक्त स्थान पर पहले से ही एक दर्जन से अधिक मकान वनविभाग की जमीन पर अन्य लोगों द्वारा बनाकर रह रहे हैं, लेकिन वनविभाग ने उनके निर्माणाधीन मकान को तोड़ दिया है। परिवार के सदस्यों का कहना है कि वे अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं और वे वनविभाग के खिलाफ आवाज उठाएंगे।

पीड़ित आदिवासी परिवार का कहना है कि वे अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। वे वर्षों से इस जमीन पर रह रहे हैं और खेती भी कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने कई बार वन विभाग को पट्टा देने के लिए आवेदन दिए, लेकिन आज तक कोई स्थायी हल नहीं निकला है। परिवार के सदस्यों का कहना है कि वे अपने अधिकारों के लिए लड़ेंगे और वे पीछे नहीं हटेंगे। जानकारी अनुसार ग्राम जुनेवानी के काशीटोला बीट में वनविभाग की जमीन पर लगभग एक दर्जन से अधिक आदिवासी परिवारों ने कब्जा कर रखा है परंतु उक्त स्थान पर एक ही परिवार पर वनविभाग की कार्यवाही से सवाल उठने लगे है। वनविभाग की कार्रवाई ने एक आदिवासी परिवार को बेघर कर दिया है और उन्हें अपने भविष्य के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

### कृषि उपज मंडी समिति बालाघाट की सख्त कार्रवाई, 4 वाहनों पर लगाया जुर्माना

# उपमंडी लांजी में फिर बने अवैध परिवहन के 4 प्रकरण

हरिभूमि न्यूज लांजी।

मंडी शुल्क का भुगतान किए बगैर कृषि उपज का अवैध तौर पर परिवहन करने वाले मामले पिछ्ले कुछ दिनों से लगातार बढ़ते जा रहे थे।इन्हीं मामलों की मिल रही शिकायतो का संज्ञान लेते हुए कृषि उपज मंडीयो में तैनात अधिकारों में अब रुचि दिखाना शुरू कर दिया है। शायद यही वजह है कि अवैध रूप से कृषि उपज का लगातार परिवहन करने वाले व्यापारियों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।इसी कड़ी में मंडी शुल्क का भुगतान किए बगैर ही धान का अवैध परिवहन कर रहे व्यापारियों पर शिकंजा कसते हुए कृषि उपज मंडी अधिकारियों ने 4 बड़ी कार्यवाही की है। यह कार्यवाही बालाघाट कृषि उपज मंडी समिति के सचिव मनीष मरावी बालाघाट के निर्देशन एवं लांजी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कमलचंद सिंहसार के मार्गदर्शन में उपमंडी लांजी में अवैध परिवहन के 04 प्रकरण बनाये गये हैं। इन प्रकरणों में धान बिना अनुज्ञा पत्र के अवैध परिवहन करने पर पांच गुना की कार्यवाही की गई है।

**4 वाहनों पर लगाया गया जुर्माना:** उपमंडी लांजी के अधिकारियों ने डुडवा घाट एवं टीमकीटोला (रिसेवाड़ा) के पास औचक निरीक्षण के दौरान इन वाहनों को पकड़ा है:



1. दिनांक 08/11/25 को ट्रेक्टर वाहन क्रमांक Mp 50AA1422 हिमांशु ट्रेडर्स, कांद्रीखुर्द से गिरोला (महाराष्ट्र), धान 25.00 क्विंटल, दांडिक मंडी शुल्क _5553.00, 2. पिकअप क्रमांक MH43BX6226 में आलोक कुथे ग्राम-गुलुआ से गिरोला (महाराष्ट्र) , धान 24.00 क्विंटल, दांडिक मंडी शुल्क _5412.00, 3. दिनांक 11/11/25 को ट्रेक्टर क्रमांक MP50ZB5830 में रामेश्वर बेद्रे ग्राम-घाटटेमनी द्वारा ग्राम- कांद्री के कृषकों से धान क्रय कर घाटटेमनी ( महाराष्ट्र )परिवहन पर 22.00 क्विंटल, का दांडिक मंडी शुल्क _5127.00, 4. 13/11/25 को ट्रक क्रमांक MP22ZC4372 में कृष्ण कुमार सोनबिरसे ग्राम - बालाघाट से रायपुर (छ.ग.) परिवहन पर धान 292.94 क्विंटल का दांडिक मंडी शुल्क _35758.00_इन वाहनों पर कुल दांडिक मंडी शुल्क की राशि _51850.00_ वसूल कर सरकारी खजाने में जमा की गई है।

**व्यापारियों से कृषि उपज मंडी समिति की अपील:** कृषि उपज मंडी समिति बालाघाट ने अपील की है कि कोई भी व्यापारी बगैर अनुज्ञापत्र/ बिल के अधिसूचित कृषि उपजों का परिवहन किसी भी स्थिति में ना करें।

## खबर संक्षेप

### लापरवाही पर प्रधानपाठक निलंबित

**प्रधानपाठक की अनाधिकृत अनुपस्थिति से प्रभावित हो रहा था विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने शासकीय प्राथमिक शाला धारनाखुर्द के प्रभारी प्रधानपाठक श्री दुर्गाप्रसाद निवारे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान श्री निवारे बिना किसी सूचना के शाला से अनुपस्थित पाए गए। यह भी पाया गया कि वे प्रतिमाह कई दिनों तक शाला से अनुपस्थित रहते हैं, जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा था। उनकी लगातार अनुपस्थिति के कारण विद्यालय में पदस्थ अन्य शिक्षक बीएलओ के रूप में निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य नहीं कर पा रहे थे, जिससे निर्वाचन संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे थे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए तत्काल निलंबन की कार्रवाई की है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बरघाट कार्यालय निर्धारित किया गया है।

# आदेगांव के काल भैरव अष्टमी में भैरव जी का मनाया गया धूमधाम से जन्मोत्सव







**न्यूज़ आदेगांव/ सिवनी।** जिले की आदेगांव में छोटी काशी के नाम से विख्यात भैरव बाबा का मंदिर प्रसिद्ध है। भैरव बाबा के मंदिर में काल भैरव जी के साथ-साथ गणेश भगवान बटुक भैरव दूधिया भैरव अन्नपूर्णा माता शेषनाग महाराज की प्रतिमा स्थापित है। एवं किले के पीछे श्याम लता जी का वृक्ष के दर्शन करने से पुण्य लाभ प्राप्त होता है। जिसे देखने के लिए दुर दूर से लोग अष्टमी की पावन पर्व पर गढी के किले में विराजमान भैरव जी के मंदिर आते हैं। अष्टमी के दिन भैरव बाबा की आरती की उपरांत मंदिर के आसपास 3 दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। एवं पूरे नगर में बाबा के प्रतिमा के साथ झांकियां निकाली जाती है एवं लगातार दो-तीन वर्षों से भागवत कथा का आयोजन तालाब के पास किया जाता है अष्टमी की पावन पर्व पर 40- से 50 हजार पब्लिको का भंडारा ग्रामीण एवं समिति के लोगों के द्वारा करवाया जाता है।

ग्राम में भैरव अष्टमी के अवसर पर भगवान श्रीकालभैरव का जन्मोत्सव श्रद्धा व धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव का यह कार्यक्रम मंगलवार देर रात से शुरु होकर दूसरे दिन तक चलता रहा। गढी प्राचीर में मंदिर के अंदर विराजमान भगवान श्री कालभैरव का पूजन अर्चन व आरती के साथ ही श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकालभैरव नाथ स्वामी के जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। करीब पांच क्विंटल फूलों और विद्युत साज सज्जा की गई थी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओ ने दर्शन लाभ लिया। रात से ही गढी किले में ढोल नगाड़ों बैंड की धुन गुंजायमान होने लगी। देर रात तक आतिशबाजी भी होती रही। खास रहा पूजन-अलसुबह मंदिर मंदिर में विराजमान भगवान श्री कालभैरव नाथ स्वामी श्रीगणेश भगवान श्री बटुकभैख स्वामी, श्री दूधिया भैरव स्वामी शेषनाग महाराज, मां अन्नपूर्णा देवी एवं भगवान भोले नाथ का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक कर आकर्षक श्रृंगार किया। इसके बाद आरती पूजन किया गया। ग्रामवासियों की ओर से खीर का भोग अर्पित किया गया। साथ ही भंडारा, महाप्रसाद भोग का अर्पण कर कालभैरव के दर्शनार्थ लाइन में कई हजारों की संख्या में लगे रहे भक्त श्रद्धालुओं में वितरण किया। मंदिर परिसर से दिन भर शिव अभिषेक, विभिट्टा धार्मिक अनुष्ठानों के मंत्रोच्चार गुंजायमान होते रहे। सुबह 8 बजे से गोधूली जिससे ग्राम का संपूर्ण वातावरण धर्ममय बना रहा।

**निकाली गई शोभायात्रा**-दोपहर में भगवान श्री भैरव नाथ की शोभायात्रा निकाली गई। भगवान श्रीकालभैरव नाथ स्वामी के प्रकटोत्सव पर्व पर पालकी यात्रा के साथ-साथ और कान्हीवाड़ा से आए विभिन अखाड़ों के कलाकारों ने अपना प्रदर्शन किया। शाम को महाआरती के उपरांत आई विभिन्न झांकियों के मंडल ने देर रात तक इस कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

### आठ मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में औषधि निरीक्षक द्वारा जिले में संचालित मेडिकल स्टोर्स का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर आठ मेडिकल स्टोर्स को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया था। संबंधित दवाई दुकानों से जवाब संतोषजनक न पाए जाने पर राजेन्द्र मेडिकल स्टोर, बुधवारी बाजार सिवनी — 10 दिवस के लिए निलंबित, कौशल मेडिकल स्टोर, बुधवारी बाजार सिवनी — 10 दिवस के लिए निलंबित, अग्रवाल जी मेडि फार्मा, धूमा — 1 माह के लिए निलंबित, सजल मेडिकोज, धनौरा — 7 दिवस के लिए निलंबित, फार्मा हाउस, भैरोगंज — 3 दिवस के लिए निलंबित, पाटीदार मेडिकल, धनककड़ी — 5 दिवस के लिए निलंबित, साहू मेडिकल, धनककड़ी — 7 दिवस के लिए निलंबित, अशोक मेडिकल, मलारा — 10 दिवस के लिए निलंबित प्राप्त औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी सिवनी द्वारा संबंधित दवाई दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं।

# करीब डेढ़ लाख कीमत की लकड़ी जप्त



## सर्च वारंट के तहत वन विभाग की टीम ने दी दबिश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** वन विभाग की टीम ने मंगलवार को शहर के गुरुनानक वार्ड स्थित एक मकान में दबिश दी। इस दौरान हडक़ंप की स्थिति बन गई थी। मकान में तैयार किए जा रहे फर्नीचरों को जब्त किए गया। सिवनी वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र सोनी ने बताया कि सूचना मिली थी कि सरकारी बस स्टैंड के सामने गुरुनानक वार्ड निवासी मंजूर खान के निवास में अवैध रूप से सागौन की लकड़ी से फर्नीचर बनाए जा रहे हैं। टीम बनाकर सर्च वारंट के तहत दबिश दी गई। मकान में 114 चिरान जब्त की गई। इन चिरानों से फर्नीचर बनाए जा रहे थे। जब्त लकड़ी की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए है। फिलहाल विभागीय टीम यह पता लगा रही है कि सागौन कहां से लाईगई थी। मौके पर कोई भी दस्तावेज नहीं मिलने पर चिरान को जब्त कर लिया गया है।

# कांग्रेस ने मनाई पूर्व मंत्री स्व. हरवंश सिंह की जयंती



**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री अबुल कलाम आजाद जी एवं जिले के विकास पुरूष म.प्र.शासन के पूर्व त्रिविभागीय मंत्री स्व. हरवंश सिंह जी की जयंती कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में मनायी गई। उपस्थित कांग्रेस जनो ने नेता द्वय के छायाचित्र एवं आदम कद प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी गई।

जयंती कार्यक्रम के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजा बघेल, हाजी मो. असलम खान, राजकुमार खुराना, विष्णु करोसिया, पवन दिवाकर, शिव सनोडिया, अतुलचंद मालू, मोहन सिंह चंदेल, घनश्याम सनोडिया, सुजीत नाहटा, आदित्य मोन्टू भूरा, तेजसिंह रघुवंशी, नितिन डहेरिया, श्रीमती गीता ठाकुर, श्रीमती ललिता बघेल, श्रीमती पवनरेखा रिनायत, हुकुमचंद सनोडिया, धुरवनारायण चौधरी, प्रकाश सूर्यवंशी, तनवीर अहमद, ठा. जयप्रकाश सिंह परिहार, विनोद नामदेव, नब्बू भाई, मोहनसिंह ठाकुर, नंदलाल यादव, कैलाश अवधिया, उदयसिंह बघेल, फिरोज खान, धनंजयसिंह, मोहित डहेरिया, आशु यादव, माधव रितैया, सुलतान खान, साजिद खान, अंकुश कांड्रा, नितिन बघेले, रंजीत बघेल, सतेन्द्र बघेल, सुदर्शन बघेल, अजय साहू, अनिल रजक सहित बडी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहें।

# प्रदेश के 1.33 लाख सोयाबीन उत्पादक किसानों को कुल 233 करोड़ रुपये की भावांतर राशि अंतरित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देवास जिले में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से भावांतर योजना अंतर्गत प्रदेश के 1.33 लाख सोयाबीन उत्पादक किसानों को कुल 233 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की। इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सिवनी जिले की सिमरिया कृषि उपज मंडी में भी किया गया, जिसे जिले के किसानों, व्यापारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक देखा और सुना। इस अवसर पर विधायक श्री दिनेश राय, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, एसडीएम श्रीमती पूर्वी तिवारी, उप संचालक कृषि श्री एस.के. धुर्वे, अन्य वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, कृषक एवं व्यापारी बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में विधायक श्री दिनेश राय ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में किसानों को उचित मूल्य, समय पर भुगतान और कृषि क्षेत्र के विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भावांतर योजना किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें बाजार की अनिश्चितताओं से सुरक्षा प्रदान करने का प्रभावी माध्यम है। किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा की गई राशि अंतरण की इस पहल को कृषक हित में ऐतिहासिक कदम बताया और सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

# ट्रैक्टर ट्राली में लगे कल्टीवेटर की कपलिंग टूटने व उससे उचटा लोहा, ट्रैक्टर चला रहे किसान की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव कमकासुर के मोड में गुरुवार की सुबह 11 बजे ट्रैक्टर ट्राली में लगे कल्टीवेटर की कपलिंग टूटने व उससे उचटा लोहा ट्रैक्टर चला रहे किसान के सिर में लगने के कारण किसान की दर्दनाक मौत हो गई। वही एक अन्य घटना गुरुवार दोपहर 2 बजे पलारी तिगड्डे से मानेगांव रोड पर घटी जहाँ बखरोनी करते ट्रैक्टर कल्टीवेटर दोनों मानेगांव के खेत के कुएं में गिर गया। आनन-फानन में ट्रैक्टर चला रहे किसान को कुएं से किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाला गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव तुईयापार कुरई निवासी भुवन मात्रे उम्र लगभग 38 गुरुवार को सुबह 11 बजे कृषि कार्य के लिए ट्रैक्टर में



कल्टीवेटर फंसा कर खेत की ओर जा रहा था। ट्रैक्टर ट्राली जब कमकासुर गांव के एक मोड में पहुंची तभी कल्टीवेटर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकराया और ट्रैक्टर और कल्टीवेटर



की कपलिंग झटका लगने से टूट गई। व उसमें लगा लोहा चेन उचट कर लोहा का एक हिस्सा ट्रैक्टर चला रहे किसान के सिर पर सीधे जा लगा। सर में चोट लगते ही किसान के सर से खून की धारा बह गई। हृदय विदारक उक्त घटना को जब आसपास के लोगों ने देखा तो वे सिहर उठे। गंभीर रूप से घायल भुवन मात्रे को उपचार के लिए कुरई अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। पीएमश्री हाई स्कूल धोबीसर्रा के शिक्षक कमलेश ठाकरे को जब इस घटना की सूचना मिली तब भुवन मात्रे की बेटी जो कक्षा 9 में अध्यनरत है उन्होंने तत्काल स्कूल से भृत्य के साथ घर पहुंचाया। व और अन्य मदद की।

### इकलौते बेटे की भी हो चुकी ट्रैक्टर ट्राली से मौत

वही ग्रामवासियों ने बताया कि भुवन मात्रे की एक बेटी और एक बेटा थे जिसमें उनके एक बेटे की भी मौत लगभग 3 साल पहले ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से हो चुकी है। अब घर में सिर्फ मां और बेटी बची है जिनका रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### शासकीय आईटीआई कुरई में 19 नवंबर को जिला स्तरीय रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा शासकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं और युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से ÷युवा संगम÷ कार्यक्रम के अंतर्गत एक जिला स्तरीय रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला दिनांक 19 नवम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक शासकीय आईटीआई, कुरई में आयोजित किया जा रहा है। आयोजित मेले में देश एवं प्रदेश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि नियोजकों द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एग्जीक्यूटिव, कॉल सेंटर ऑपरेटर सहित अन्य पदों पर भर्ती की जाएगी। साथ ही स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत ऋण वितरण प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे।

# गोंड जनजातीय शौर्य और संस्कृति की झलक दिखाएगा जननायक समारोह

**/मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित "जननायक समारोह" के अंतर्गत गोंड जनजातीय समाज की सांस्कृतिक, शौर्यपरक और आध्यात्मिक निरंतरता को दर्शाने वाली**

## सुकतरा में 14 से 16 नवम्बर तक होंगी नृत्य-नाट्य प्रस्तुतियां

**नृत्य-नाट्य प्रस्तुतियों का आयोजन 14 से 16 नवम्बर 2025 तक सीएम राइज स्कूल मैदान, सुकतरा (कुरई) में किया जा रहा है।**

यह आयोजन गोंड साम्राज्य के 52 गढ़ों में से चयनित 30 गढ़ों में से एक है, जिसमें सिवनी जिले को भी शामिल किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य गोंड जनजाति के इतिहास, परंपरा और उनके जननायकों के अदम्य साहस को मंच के माध्यम से समाज के समक्ष लाना है। तीन दिवसीय समारोह में तीन नृत्य-नाट्य प्रस्तुतियां मंचित की जाएंगी — वीरांगना रानी दुर्गावती, राजा हीराखान सिंह और राजा पेमल शाह। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से गोंड समाज के पराक्रम, त्याग, और मातृभूमि के प्रति निष्ठा की अमर गाथाएं जीवंत होंगी। वीरांगना रानी दुर्गावती नृत्य नाट्य में रानी दुर्गावती के अदम्य साहस और मातृभूमि की रक्षा हेतु दिए गए बलिदान को दर्शाया जाएगा। राजा हीराखान सिंह की कथा गोंड समाज की वीरता और मानवीय संवेदनाओं को प्रतिबिंबित करती है, वहीं राजा पेमल शाह की कहानी गोंड साम्राज्य के पुनर्निर्माण और समाज की आत्मनिर्भरता का संदेश देती है। इन प्रस्तुतियों का निर्देशन एवं पुनर्संयोजन श्री रामचंद्र सिंह, श्री नवीन सिंह श्याम एवं श्री आशीष पटेल द्वारा किया गया है। आयोजन में स्थानीय जनजातीय कलाकारों की भी सक्रिय भागीदारी रहेगी। यह जननायक समारोह न केवल गोंड जनजातीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत करेगा, बल्कि नई पीढ़ी को अपने इतिहास और जननायकों से जुड़ने की प्रेरणा भी देगा।

## राजस्व विभाग टीम की मुख्यमंत्री से हुई शिकायत

# 350 से 400 परिवारों का सर्वे में सिर्फ 77 परिवारों को दिया पट्टा

**नगर पालिका परिषद सिवनी के आदिवासी आरक्षित वार्ड क्रं. 19 रानी दुर्गावती वार्ड मे लगभग 50-60 वर्षों से अपना कच्चा मकान बना कर अपना जीवन-यापन कर रहे अनुसूचित जाति/जनजाति के परिवारों के पास अपना मकान बनाने हेतु किसी तरह का साधन नहीं है और ना ही इनके पास इन जमीनो का मालिकान हक है और ना ही पट्टा है।**

### आवास एवं पट्टे लिये दर दर गंज क्षेत्र के आदिवासी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री की हर परिवार का अपना मकान की मंशा अनुसार विगत वर्ष 2023 में इन



परिवारो को अपना मालिकाना हक देने हेतु राजस्व विभाग की टीम द्वारा लगभग 350 से 400 परिवारों का सर्वे किया जाकर उसमें सिर्फ 77 परिवारों को पट्टा प्रदान किया गया था, बाकि के शेष परिवारो को आज दिनांक तक पट्टा प्रदान नहीं किया गया है। अतः महोदय जी से निवेदन है कि सर्वे किये गये शेष परिवारों को भी पट्टा प्रदान कर उनकी आवासीय भूमि का मालिकाना हक प्रदान करते हुए सर्वे से छूट गये अन्य परिवारों का भी सर्वे कराकर शीघ्र अतिशीघ्र उन्हे भी जमीनो का पट्टा मालिकाना हक प्रदान करने की कृपा करें, जिससे वे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेते हुए अपने स्वंय का मकान बनवा सकें और माननीय प्रधानमंत्री की मंशा को पूर्ण करे।

# न्यायोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत सम्प्रेक्षण गृह सिवनी में विधिक जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार दिनांक 09 से 14 नवम्बर 2025 तक आयोजित "न्यायोत्सव कार्यक्रम" की श्रृंखला के अंतर्गत आज दिनांक 13 नवम्बर 2025 को सम्प्रेक्षण गृह सिवनी में निरुद्ध अपचारी बालकों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

यह कार्यक्रम अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्री सतीश चन्द्र राय के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।स्वास्थ्य परीक्षण शिविर हेतु सिविल सर्जन-सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक सिवनी द्वारा चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की टीम गठित की गई थी, जिन्होंने अपचारी बालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

कार्यक्रम के दौरान न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्री रवि नायक ने उपस्थित बालकों को संविधान में निहित मूल अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे — निःशुल्क विधिक सहायता योजना, एल.ए.डी.सी.एस. (Legal Aid Defense Counsel System) तथा नालसा की बच्चों हेतु मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं एवं संरक्षण योजनाएं — की विस्तृत जानकारी दी।

## लोकायुक्त ने रंगे हाथ दबोचा, एनओसी के बदले मांगी थी 2 लाख की घूस
# 50 हजार की रिश्वत लेते पंचायत सचिव गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट/उकवा।

जनपद पंचायत परसवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत उकवा में लोकायुक्त का छापा ग्राम पंचायत उकवा के प्रभारी सचिव योगेश हरवाने को पचास हजार रु की रिश्वत लेते लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने रंगे हांथ पकड़ा। जनपद पंचायत परसवाड़ा के अंतर्गत आने वाली क्षेत्र की सबसे बड़ी पंचायत ग्राम पंचायत उकवा के प्रभारी सचिव योगेश हिरवाने को ग्राम पंचायत भवन उकवा के सामने मेन रोड पर अंकुश चौकसे पिता संतोष चौकसे मेडिकल संचालक निवासी वार्ड नंबर 7 उकवा से 50 हजार रुपए लेते रंगे हांथो पकड़ा प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत उकवा के प्रभारी सचिव हिरवाने को गिरफ्तार कर बैहर ले जाया गया है।



हरिभूमि के पत्रकार आनंद गोदरे के द्वारा अंकुश चौकसे से जानकारी लेने पर अंकुश चौकसे के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि मुझे शासन के द्वारा एक डिसमिल जमीन का पट्टा दिया गया है जो आबादी जमीन का है जिस पर मेरे द्वारा भवन निर्माण किया जाना था जिसके लिए मैं ग्राम पंचायत उकवा से एनओसी मांगने गया तो ग्राम पंचायत उकवा के प्रभारी सचिव योगेश हिरवाने के द्वारा मुझे दो लाख रुपए की मांग की गई थी जिस पर मेरे द्वारा उसे 50 हजार रुपए देने की बात हुई थी जिसके अनुसार मेरे द्वारा सचिव हिरवाने को आज 13 नवम्बर को सुबह 50 हजार रुपए दिया गया। मुझसे राशि लेते ही लोकायुक्त की टीम जबलपुर ने तत्काल छापा मारा और सचिव हिरवाने को रंगे हाथों गिरफ्तार किया एवं अग्रिम कार्यवाही करने हेतु



सचिव को बैहर ले जाया गया है।

निरीक्षक जितेंद्र यादव ने जानकारी दी कि लोकायुक्त पुलिस महानिदेशक योगेश देशमुख के निर्देशों पर यह कार्रवाई की गई। शिकायतकर्ता अंकुश चौकसे की शिकायत पर गुरुवार, 13 नवंबर को उकवा ग्राम पंचायत के सामने 49 वर्षीय पंचायत सचिव योगेश हिर्वाने (पिता बालक राम हिर्वाने) को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा गया।

शिकायत के सत्यापन के दौरान भी सचिव हिर्वाने ने एक लाख रुपये की मांग की पुष्टि की थी। आज उन्हें एनओसी जारी करने के एवज में 50 हजार रुपए की पहली किस्त लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा गया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन 2018) की धारा 7, 13(1)ठ, और 13(2) के तहत कार्रवाई की जा रही है।

सचिव ने पहली किश्त 50 हजार रुपए देने की बात कही गई थी। जिसकी जानकारी मैने, लोकायुक्त पुलिस को दी थी। आज जब मैं 50 हजार रुपए सचिव को दिया तो लोकायुक्त की टीम जबलपुर ने तत्काल उसे रकम के साथ गिरफ्तार किया।इस ट्रेप कार्यवाही में दल प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र यादव, निरीक्षक रेखा प्रजापति, निरीक्षक बृजमोहन सिंह नरवरिया और लोकायुक्त जबलपुर की टीम मौजूद रही।

# लालबर्रा में बेखौफ रेत माफिया - अवैध उत्खनन जोरों पर, बिना नंबर के ट्रैक्टरों से हो रहा परिवहन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट/लालबर्रा।



मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में इन दिनों रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। वे बेखौफ होकर रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन कर रहे हैं, जिसके सामने स्थानीय प्रशासन अंकुश लगाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहा है।

अधिकारी और माफिया सांठगांठ का गंभीर आरोप

विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो, इस अवैध कारोबार को अंजाम देने वाले माफियाओं द्वारा प्रशासन के कुछ जिम्मेदार अधिकारियों से आपसी सांठगांठ कर ली गई है। इसी सांठगांठ के दम पर यह काला कारोबार धड़ल्ले से फल-फूल रहा है, जिससे सरकारी राजस्व को भारी चूना लग रहा है।

**बिना नंबर के ट्रैक्टरों की 'फर्राटेदार' आवाजाही:** जानकारी के अनुसार, रेत माफिया दिन भर और विशेष रूप से रात के अंधेरे में नदी नालो से अवैध तरीके से रेत निकाल रहे हैं। परिवहन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कई ट्रैक्टर बिना नंबर प्लेट के होते हैं, जो खुलेआम सड़कों पर फर्राटे भरते हुए देखे जा सकते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि परिवहन के नियमों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है।

**चोरी की रेत भी महंगे दामों में बेची जा रही:** आरोप है कि यह चोरी की गई रेत भी स्थानीय बाजार में महंगे दामों में बेची जा रही है, जिससे आम जनता की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है, जबकि माफिया अवैध तरीके से मुनाफा कमा रहे हैं। स्थानीय बुद्धिजीवियों और नागरिकों ने जिला प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि इस अवैध उत्खनन और परिवहन पर तुरंत अंकुश लगाना आवश्यक है ताकि पर्यावरण का संतुलन बना रहे और प्राकृतिक संसाधनों के विनाश को रोका जा सके।

## बिरसा मुंडा की होगी प्रतिमा स्थापित

**हरिभूमि न्यूज बैहर।** स्थानीय नगर मुख्यालय के वार्ड नंबर 3 छिंदीटोला में आगामी 15 नवंबर को बिरसा मुंडा जी की जयंती के अवसर पर स्थानीय नगरवासियों के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा की स्थापना की जा रही है साथ ही साथ उनका जन्म दिवस समारोह भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है ज्ञात हो कि बैहर नगर मुख्यालय में यह प्रथम बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित की जा रही है और इतने बड़े स्तर पर पहली बार जयंती मनाई जा रही है कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह 9:00 बजे विशाल वाहन रैली के माध्यम से नगर भ्रमण पश्चात मंचीय कार्यक्रम होंगे जिसके बाद सामूहिक भोजन व्यवस्था भी की गई है आयोजन समिति की अध्यक्ष अनीता संत कुमार वरकडे पार्षद ने सभी वर्ग के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### 13 दिन में 876 चालान; 1 दिसंबर से पिछली सवारी के लिए भी हेलमेट अनिवार्य
## एसपी ने बिना हेलमेट चालक को फटकारा, पैदल घर भेजा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट में पुलिस अधीक्षक (एसपी) आदित्य मिश्रा ने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे व्यक्तियों को जमकर फटकार लगाई। एसपी ने उसका वाहन रुकवाकर उसे पैदल घर से हेलमेट लाने के लिए भेजा। इस दौरान पकड़े गए युवक ने बहाना बनाया कि वह पत्नी के साथ दवा लेने आया था, इसलिए हेलमेट नहीं पहना। जब उससे दवा के बारे में पूछा गया तो वह कोई जवाब नहीं दे सका।

एसपी ने उसका भी वाहन खड़ा करवाकर हेलमेट मंगवाने को कहा और यह भी हिदायत दी कि हेलमेट लाने वाला व्यक्ति भी हेलमेट पहनकर आए। जिले में 1 नवंबर से दोपहिया वाहनों के लिए हेलमेट अनिवार्य कर दिया गया है। इसके बावजूद कई वाहन चालक स्वेच्छा से हेलमेट नहीं पहन रहे हैं, जबकि यह उनकी सुरक्षा के लिए आवश्यक है। हालांकि, सड़कों पर अब हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले लोग भी दिख रहे हैं। वहीं, कुछ लोग शहरी क्षेत्र में हेलमेट की अनिवार्यता का विरोध भी कर रहे हैं और



सोशल मीडिया पर पुराने, आधारहीन कंटेंट वायरल कर रहे हैं।

दूसरी ओर, एसपी आदित्य मिश्रा की सख्ती के बाद पुलिस और यातायात अमला सड़कों पर लगातार कार्रवाई कर रहा है। यातायात थाना प्रभारी सूबेदार यीना राहंगडाले ने बताया कि 1 नवंबर से 12 नवंबर तक बिना हेलमेट के 876 चालान बनाए गए हैं। इनसे 2 लाख 62 हजार 800 रुपए का सम्मन शुल्क वसूला गया है। इसमें ई-चालान भी शामिल हैं, जो बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों की फोटो खींचकर गाड़ी नंबर के आधार पर उनके घर भेजे जा रहे हैं।

# बालाघाट के अस्पताल में बड़ी लापरवाही, प्रसूता के पेट में ही चली गई बच्चे की जान, परिजनों ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बुधवार को मां के गर्भ में बच्चे की मौत के बाद गुरुवार को कलेक्टर मृणाल मीणा ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के वार्डों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों के परिजनों से भी बातचीत की।

यह घटना बुधवार को सामने आई थी, जब रट्टापायली निवासी एक महिला के दूसरे प्रसव में अजन्मे बच्चे की गर्भ में ही मौत हो गई थी। इस मामले में डॉ. गीता बारमाटे पर आरोप लगे थे। कलेक्टर का यह दौरा ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उद्देश्य से किया



गया था।

डॉक्टर पर कार्रवाई के संबंध में कलेक्टर ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (CMHO) और सिविल सर्जन की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का प्रस्ताव स्वास्थ्य निदेशक को भेजा गया है। उन्होंने इस पर गंभीरता से कार्रवाई का आग्रह किया है।

ओपीडी और मैटरनिटी वार्ड के निरीक्षण के दौरान, कलेक्टर ने मरीजों के साथ रहने वाले परिजनों की अधिक संख्या पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सिविल सर्जन और नगर पालिका को नियमों के अनुसार व्यवस्था करने के निर्देश दिए, ताकि वार्ड में केवल निर्धारित लोग ही रहें और अन्य परिजनों के रुकने की व्यवस्था आश्रय गृह में हो सके।

कलेक्टर ने स्वीकार किया कि जिला अस्पताल में बाहरी एम्बुलेंस का दबदबा है, जो मरीजों को गुमराह करते हैं। उन्होंने कहा कि अटेंडेंट को इस बारे में जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने अस्पताल परिसर में अपने सहित सभी जिम्मेदार अधिकारियों के नाम और नंबर बड़े अक्षरों में अंकित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि लोग समस्याओं के लिए सीधे संपर्क कर सकें। उनका मानना है कि इससे समस्याओं में कमी आएगी।

